दिनांकः 27.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- निर्वाचन आयोग ने राजस्थान सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा की।
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये अब 15 उम्मीदवार मैदान में – पाँच प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए।
- केन्द्र ने राजस्थान में पानी संग्रहण के लिए 'टांकों की योजना' को फिर शुरू करने की मंजूरी दी।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–राज्य के सरकारी स्कूलों में अब शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा।
- प्रदेश में मौसम में बदलाव के साथ ही विभिन्न ज़िलों में बारिश का दौर जारी।

000

निर्वाचन आयोग ने राजस्थान सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण दूसरे चरण के तहत कराने की घोषणा की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस पुनरीक्षण का मुख्य लक्ष्य मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी और त्रुटि मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में यह काम चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

-----------------------

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये अब 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन आज पाँच प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए। इनमें निर्दलीय प्रत्याशी अभयदास जांगीड़, सुनीता मीणा, रामपाल मेघवाल, नरोत्तम पारिक, और संतोष सुमन शामिल हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही जल्द चुनाव प्रचार में तेज़ी आयेगी। वहीं निर्वाचन विभाग स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिये प्रेरित कर रहा है। इस सीट पर मतदान 11 नवम्बर को और मतगणना 14 नवम्बर को होगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र ने राजस्थान में पानी संग्रहण के लिए 'टांकों की योजना' को फिर से मंजूरी देकर फंड जारी करने का आदेश दिया है, जो किसानों के लिए बड़ी राहत है।

--------------------

वहीं, केन्द्रीय कृषि मंत्री ने राजस्थान में इस योजना पर लगी रोक हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि केंद्र हर संभव सहयोग करेगा।

---------------

इसके अलावा, सूक्ष्म सिंचाई योजना में सहायता राशि 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है और डीएपी खाद की कमी को तुरंत दूर करने का आश्वासन मिला है। इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। श्री शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी भेंट की।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल कोलकाता में 'प्रवासी राजस्थानी मीट' में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री वहाँ प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसंबर को जयपुर में होने वाले पहले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल भी जायेगा, जिसमें नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा तथा वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस आयोजन का

लक्ष्य प्रवासी समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करना और उन्हें निवेश तथा राज्य की विकास यात्रा से जोड़ना है।

000

वरिष्ठ आईपीएस गोविन्द गुप्ता ने आज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया। झालाना डूंगरी स्थित एसीबी मुख्यालय पर अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने उनका स्वागत किया। श्री गुप्ता ने कहा कि आमजन के विश्वास को सशक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने सूचना तंत्र को प्रभावी बनाने और जन–जागरूकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर या व्हाट्सएप नंबर पर अपनी शिकायतें सहजता से दर्ज कराएँ।

000

राज्य के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस निर्णय से बच्चों को किताबें समय पर मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि जल्दी ही सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये एक समान यूनिफॉर्म लागू की जाएगी। भविष्य में शिक्षकों की यूनिफॉर्म भी तय की जाएगी और सबके लिए परिचय पत्र अनिवार्य होगा। इसके अलावा अनुपस्थित विद्यार्थियों की सूचना तुरंत अभिभावकों के मोबाइल पर भेजने की व्यवस्था शुरू की जायेगी।

000

झालावाड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन शटरडाउन' के तहत सरकारी योजनाओं में सेंध लगाने वाले एक अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। ज़िला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई में पीएम किसान निधि के स्टेट नोडल ऑफिस ऑपरेटर सहित कुल छह आरोपी गिरफ्तार हुए हैं और लगभग ₹1 करोड़ की राशि वाले 11 हजार बैंक अकाउंट फ्रीज किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए सरकारी कर्मचारी अपनी सरकारी आईडी का दुरुपयोग कर पीएम किसान निधि में अपात्र लोगों के अकाउंट एक्टिवेट कर रहे थे। इसके अलावा, गिरोह ने आपदा प्रबंधन पोर्टल से मुआवज़ा राशि हड़पी और जनआधार तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन पोर्टलों में भी सेंधमारी कर करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस अब अवैध संपत्तियों की पहचान कर रही है।

----------------

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि छठ पर्व प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख –समृद्धि लाएगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व सभी को भगवान सूर्य और छठी मैया के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा को अद्वितीय बताया। राज्य में भी इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। पाली जिले में बिहारी घाट के तोरण द्वार को रंगोली और रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। भरतपुर में भी पूर्वांचल के लोगों ने जलाशयों में डूबते सूर्य को अर्घ देकर सुख–समृद्धि की कामना की।

------------------

000

प्रदेश में मौसम में बदलाव के साथ ही विभिन्न ज़िलों में बारिश के समाचार हैं। करौली, बारां, चित्तौड़, सहित कुछ जगह कल रात से रूक–रूक–कर बारिश हो रही है। वहीं राजधानी जयपुर, माउंट आबू, डूंगरपुर, भरतपुर, डीग, भीलवाड़ा, पाली और आसपास के इलाकों में दिनभर रिमझिम पानी बरसा। दूसरी ओर चूरू, बालोतरा में आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। बाड़मेर में दिनभर तेज हवा चली। इस बीच मौसम विभाग ने कोटा, उदयपुर संभागों और आसपास के जिलों में कल कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आगामी 3–4 दिन बारिश का मौसम रहने के आसार हैं, साथ ही इस कारण तापमान में भी गिरावट होगी।

---------------------

000

दौसा स्थित विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास में राष्ट्रीय एकता दिवस के लिये बंदियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की मिट्टी से भव्य प्रतिमा तैयार की है। जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि बंदियों ने यह कलाकृति, जेल परिसर की प्राकृतिक मिट्टी से तैयार की है। जेल में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक और एकता परेड जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

000

श्रीगंगानगर जिले ने डीसीएस गिरदावरी और फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिले को फार्मर रजिस्ट्री में राज्य में दूसरा स्थान मिला है, जबकि डीसीएस गिरदावरी के लक्ष्य शत–प्रतिशत पूरे किए गए हैं। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने 6 राजस्व अधिकारियों, 7 भू–अभिलेख निरीक्षकों और 16 पटवारियों सहित कुल 30 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

000